# नगर निकाय निदेशालय, उ0प्र0, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002

पत्रांक–2 / 1678 / 220 / प्रतिनियुक्ति–अधि0अधि0 / 2025 लखनऊः दिनांक 17..सितम्बर, 2025

## विज्ञापन

शासन के पत्र संख्या–I / 1050889 / 2025, दिनांक 07.08.2025 एवं पत्र संख्या–2513 / नौ–4–2025, दिनांक 19.08.2025 द्वारा उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) सेवा के अधिशासी अधिकारियों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिशासी अधिकारी श्रेणी–1 (वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे–5400 / –) के 08 पद, श्रेणी–2 (वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4600 / –) के 04 पद, श्रेणी–3 (वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4200 / –) के 04 पद एवं नगर पंचायत (वेतनमान 5200–20200 ग्रेड पे–2800 / –)के 138 पद अर्थात कुल 154 पद के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने हेतु निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण सेवा विवरण एवं सेवायोजक / सक्षम प्राधिकारी की अनापत्ति एवं अग्रसारण सहित दिनांक **.10–10–2025** .तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0सं0 | पदनाम | अनिवार्य शैक्षिक योग्यता | अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अधिकारी, श्रेणी–1 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से परास्नातक |
| 2 | अधिशासी अधिकारी, श्रेणी–2 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से परास्नातक |
| 3 | अधिशासी अधिकारी, श्रेणी–3 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से परास्नातक |
| 4 | अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं डोयक सोसायटी से प्रदत्त 'ओ' स्तर का प्रमाण–पत्र | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से परास्नातक |

अतः उ0प्र0 राज्य सरकार के अधीन राजकीय विभाग में कार्यरत समान वेतनमान एवं अर्हता प्राप्त कार्मिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक कार्मिक अपना आवेदन नगर निकाय निदेशालय, उ0प्र0, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं। विस्तृत विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट www.localbodies.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**नियम एवं शर्तेः–**

**1–** क्रम संख्या 1 के पद हेतु अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य सरकार के राजकीय विभाग में समान वेतनमान वेतन बैण्ड (वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे–5400 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–10) में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त एवं धारित पद के साधारण (वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे–5400 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–10) में कार्यरत स्थायी कार्मिक होना चाहिये तथा प्रशासनिक कार्यों का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो।

**2–** क्रम संख्या 2 के पद हेतु अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य सरकार के राजकीय विभाग में समान वेतनमान वेतन बैण्ड (वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4600 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–7) में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त एवं धारित पद के साधारण (वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4600 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–7) में कार्यरत स्थायी कार्मिक होना चाहिये तथा प्रशासनिक कार्यों का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो।

**3–** क्रम संख्या 3 के पद हेतु अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य सरकार के राजकीय विभाग में समान वेतनमान वेतन बैण्ड (वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4200 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–6) में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त एवं धारित पद के साधारण (वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे–4200 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–6) में कार्यरत स्थायी कार्मिक होना चाहिये तथा प्रशासनिक कार्यों का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो।

**4–** क्रम संख्या 4 के पद हेतु अभ्यर्थी उ0प्र0 राज्य सरकार के राजकीय विभाग में समान वेतनमान वेतन बैण्ड (वेतनमान 5200–20200 ग्रेड पे–2800 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–5) में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त एवं धारित पद के साधारण (वेतनमान 5200–20200 ग्रेड पे–2800 / –) (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–5) में कार्यरत स्थायी कार्मिक होना चाहिये तथा प्रशासनिक कार्यों का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो।

**5–** आवेदनकर्ता की आयु दिनांक 01.07.2025 को अधिकतम 55 वर्ष हो।

**6–** उक्त प्रतिनियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिये सशर्त होगी कि:–

(I) चयनोपरान्त प्रतिनियुक्त अधिकारियों की प्रत्येक वर्ष में संतोषजनक सेवा होनी चाहिए। किसी भी समय प्रतिनियुक्त अधिकारी के विरूद्ध प्रतिकूल तथ्य / शासकीय अथवा वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर सक्षम प्राधिकारी के द्वारा तत्काल प्रभाव से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी जायेगीं।

(II) उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से नियमित अभ्यर्थी चयन हो जाने पर इस विज्ञप्ति के अधीन चयनित अभ्यर्थियों की प्रतिनियुक्ति तत्काल समाप्त कर दी जायेगी।

(III) अभ्यर्थी द्वारा आवेदन करने की तिथि से पूर्व पैतृक विभाग में विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही / सतर्कता जांच / प्रशासनाधिकरण आर्थिक अपराध शाखा की जांच लम्बित नहीं होनी चाहिए एवं पूर्व में उक्त के संदर्भ में दण्डित न किया गया हो।

(IV) चयनोपरान्त किसी भी समय / स्तर पर चयन के समय प्रस्तुत कोई अभिलेख अथवा सूचना असत्य पाये जाने पर सम्बन्धित कार्मिक की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी जाएगी।

**7–** अभ्यर्थी द्वारा प्रतिनियुक्ति पर अभ्यर्थन से पूर्व पैतृक विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणित करने के उल्लेख के साथ प्रमाण पत्र निर्गत कराया जाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाने की अन्तिम तिथि तक अनापत्ति उपलब्ध न कराये जाने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

**8–** पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट / बढ़ सकती है।

**9–** नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित / अकेन्द्रीयित) सेवा के अन्तर्गत नियुक्त कार्मिक उक्त प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे।

**10–** नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश में पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर तैनात रहे कार्मिक आवेदन करने हेतु पात्र नहीं होंगे।

11– रूग्ण विभाग के अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन पत्र के साथ रूग्ण विभाग न होने का प्रमाणपत्र संलग्न करें।

**12–** विज्ञप्ति की नियम–6 (I),(II) व (III) के सम्बन्ध में अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के समय रु 100 / – के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा कि उक्त शर्तों के अधीन प्रतिनियुक्ति समाप्त किये जाने पर सम्बन्धित को कोई आपत्ति नहीं होगी।

**13–** इच्छुक अभ्यर्थी ई–मेल आई0डी0 deputationeo2025@gmail.com तथा स्वयं के पते सहित रू0–40 के डाक टिकट के दो लिफाफों के साथ आवेदन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट द्वारा इस कार्यालय के पते–निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उ0प्र0, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ पिन कोड–226001 पर दिनांक **10–10–2025** तक प्रेषित कर सकते हैं।

दिनांक :–

निदेशक,

नगर निकाय निदेशालय, उ0प्र0।

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट साइज नवीनतम/स्व हस्ताक्षरित फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न करें |
|---|

1— आवेदित पद का नाम........................................................................................

2— अभ्यर्थी का नाम..............................................................................................

3— जन्मतिथि.........................................................................................................

4— गृह जनपद.......................................................................................................

5— शैक्षित योग्यता/विशेष योग्यता.....................................................................

..........................................................................................................................

6— आरक्षित श्रेणी का विवरण..............................................................................

7— पत्र व्यवहार का पता (मोबाइल नम्बर, व्हाटसअप नम्बर/ई–मेल आईडी सहित)..................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

8— आधार कार्ड एवं पैन नम्बर...........................................................................

9— मूल विभाग का नाम.......................................................................................

10— मूल विभाग में पदनाम...................................................................................

11— मूल तैनाती पद व वेतनमान..........................................................................

12— वर्तमान वेतनमान तथा वर्तमान पद पर मूल वेतन.......................................

13— वर्तमान वेतनमान में कार्यरत अवधि.............................................................

14— वर्तमान पद पर नियुक्ति की प्रकृति(स्थाई/अस्थाई).......................................

15— कुल सेवा अनुभव (वर्ष में)............................................................................

16— अनापत्ति प्रमाण–पत्र(एन0ओ0सी0) जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत हो.........................

..........................................................................................................................

17— विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही/सतर्कता जॉच/लघु एवं दीर्घ दण्ड इत्यादि का विवरण.................

..........................................................................................................................

18— अन्य विवरण यदि कोई हो..............................................................................

19— प्रमाणकर्ता अधिकारी/अग्रसारित करने वाले अधिकारी का पूरा नाम हस्ताक्षर एवं मोहर......................

..........................................................................................................................

20— आवेदनकर्ता की पिछले 05 वर्ष की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों की प्रमाणित छायाप्रतियॉ......................

..........................................................................................................................

संलग्नकों का विवरणः–

दिनांक एवं स्थानः–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर